RAF SECTOR

NEWS CLIP

26/07/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amarujala , Prayagraj (U.P)

आरएएफ ने किया हाजीगंज में पौधरोपण

फाफामऊ। आरएएफ 101 बटालियन शांतिपुरम की ओर से रविवार को हाजीगंज गांव में पौध रोपण किया गया। इस मौके पर कुल 450 पौधे लगाए गए। कमांडेंट आरके निगम ने कहा कि पौधों की सुरक्षा ग्रामीणों की जिम्मेदारी है। पौधरोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों के अलावा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट पवन कुमार, प्रदीप कुमार पाठक, विजय बहादुर रजक आदि अधिकारी शामिल हुए। संवाद

Hill Voice, Dehradun (Uttarakhand)

उत्तराखंड

कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया

July 25, 2021/Hilladmin/No Comments

देहरादून। रैपिड एक्शन फ़ोर्स रेंज मुख्यालय-3 बालावाला, देहरादून के द्वारा श्री दरबारा सिंह बैंस, पुलिस उप महानिरीक्षक की उपस्थिति में द्रुत कार्य बल के अधिकारियों, जवानों, स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों ने आज को इण्टर मीडिएट कालेज, बालावाला विकासखण्ड डोईवाला, देहरादून में 200 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधें जैसे नीम, जामुन, हल्दु, शीशम, आंवला और आम आदि के पौधों कोल गाया गया। यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरे भारत में सभी अर्द्ध-सैनिक बलों के द्वारा आज विशाल पौधरोपण अभियान-2021के रूप में किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से सभी अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाता है। आरएएफ की मुख्य डयूटी देश में शांति स्थापित करना एवं दंगे-फसाद पर काबू करना है, इसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कुछ चुनिंदा अधिकारियों एवं कार्मिकों को लिया जाता है, जब स्थिति सिविल पुलिस के काबू से बाहर हो जाती है तो द्रुत कार्य बल को बुलाया जाता है। द्रुत कार्य बल जोकि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक हिस्सा है ने अपनी डयूटी के अतिरिक्त वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, किसान आन्दोलन को काबू करना एवं सिविक एक्शन अभियान आदि के दौरान बहुत सी कल्याणकारी योजनाओं में अपना सहयोग दिया है। इसके अलावा विदेशों में जैसे लाईबेरिया, सूडान में गृह युद्ध की स्थिति में भी शांति सेना के रूप में द्रुत कार्य बल के जवानों ने सराहनीय कार्य किया और देश का नाम रोशन करते हैं।

कार्यक्रम में आर ए एफ की तरफ से आर.सी.एस नेगी, राधेश्याम, संजीत नेगी, दिलीप कुमार साहू, विपिन कुमार, पी.आर. बलोधी, ए. एन सिंह, प्रदीप एवं इंटर कालेज बालावाला के प्रधानाचार्य संजय बिजल्वाण, ईश्वर देव बहुगुणा, प्रताप सिंह, सुभाष जोशी, शोभा जुगरान, संजू राणा, अंकित नेगी, संगीता थापा, सुधीर थापा आदि उपस्थित थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।